आकाशवाणी

जयपुर–अजमेर

दिनांकः 06.12.2025 समय : 18.30 पीएम

प्रादेषिक समाचार

- नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इंडिगो एयरलाइन को फ्लाइट रद्द होने पर यात्रियों को किराए का लम्बित भुगतान तत्काल जारी करने के निर्देश दिये।
- राज्य में एसआईआर के तहत मतदाता सूची का शत–प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा कर राजस्थान देश में पहले स्थान पर।
- शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा–शिक्षा के स्तर में सुधार कर राजस्थान राष्ट्रीय रैकिंग में ऊपर आया।
- राज्यभर में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित।

000

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इंडिगो एयरलाइन को निर्देश दिया है कि वह यात्रियों को किराए का लंबित भुगतान तत्काल जारी करे। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि सभी रद्द या बाधित उड़ानों के लिए भुगतान प्रक्रिया आज रात आठ बजे तक पूरी हो जानी चाहिए। एयरलाइन को यह भी निर्देश दिये गये हैं कि फ्लाइट रद्द होने से प्रभावित यात्रियों से कोई भी पुनर्निर्धारण शुल्क न लिया जाए। मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि भुगतान प्रक्रिया में किसी भी देरी या आदेश का पालन न होने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।इस बीच, हवाई सेवाओं के रद्द होने के कारण उत्तर–पश्चिम रेलवे ने विशेष ट्रेन शुरू की हैं। उत्तर–पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि हवाई सेवाओं के रद्द होने से अतिरिक्त यात्री भार को देखते हुए ये निर्णय लिया गया है।

000

राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान–एसआईआर के तहत मतदाता सूची का शत–प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा कर राजस्थान देश में पहले स्थान पर आ गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि राज्य ने मतदाता मैपिंग के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। 97 प्रतिशत से अधिक मतदाता मैपिंग कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के ड्राफ्ट का प्रकाशन 16 दिसम्बर को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दावे और आपत्तियां अगले साल 15 जनवरी तक ली जाएंगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आगामी 14 फरवरी को होगा।

000

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि केंद्र सरकार कर प्रणाली को सरल बनाने पर काम कर रही है, जिससे आयकर भरने की प्रक्रिया आसान हो जाएगी। उन्होंने नई दिल्ली में एक निजी मीडिया चैनल के सम्मेलन में कहा कि आयकर स्लैब को नागरिकों के उत्थान के लिए अधिक पारदर्शी और अनुपालन योग्य बनाना आवश्यक है। अगले बड़े कार्य के रूप में सीमा शुल्क ढांचे में आमूल–चूल बदलाव किया जाएगा और इसे सरल बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष देश की कुल विकास दर 7 प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान है।

000

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य डेयरी क्षेत्र में एक सर्कुलर इकोनॉमी मॉडल लागू करके अगले पाँच वर्ष में पशुपालकों की आय में बीस प्रतिशत की वृद्धि करना है। श्री शाह ने गुजरात के सनादर में बनास डेयरी के बायो–सीएनजी और उर्वरक संयंत्र का उद्घाटन किया। उन्होंने बनास डेयरी के अत्याधुनिक 150 टीपीडी दूध पाउडर और शिशु आहार संयंत्र का भूमिपूजन किया। श्री शाह आज बनास डेयरी में सहकारिता मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की तीसरी बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

000

सर्वोच्च न्यायालय ने आश्वासन दिया है कि न्यायिक प्रक्रिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई के इस्तेमाल के मामले में न्यायाधीश अत्यधिक सावधानी बरत रहे हैं। न्यायालय ने कहा कि ऐसी तकनीक कभी भी न्यायिक निर्णय लेने की प्रक्रिया पर हावी नहीं होगी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अध्यक्षता वाली पीठ न्यायिक प्रणाली में एआई और मशीन लर्निंग के नियमन की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

000

शिक्षा और पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि पिछले दो वर्षों में शिक्षा के स्तर में सुधार से राजस्थान देश में 12वें स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने टोंक में पीएम श्री विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की आमुखीकरण कार्यशाला में ये जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि शिक्षा मानवीय मूल्यों और चरित्र निर्माण का आधार होनी चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से किताबी ज्ञान के साथ बच्चों में व्यवहारिक ज्ञान विकसित करने का आह्वान किया। तीन दिन की इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को समाज की समस्याओं के समाधान और बच्चों में प्रेम, करुणा, सत्य और जिम्मेदारी जैसे गुणों का विकास करना है।

000

जयपुर में 10 दिसम्बर को होने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस समारोह में प्रदेश के विभिन्न सेक्टर्स पर आधारित सत्र होंगे। खान विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने बताया कि माइनिंग सेक्टर पर विशेष सत्र होगा। इसका उद्देश्य राजस्थान को देश का माइनिंग हब बनाना है, जिसमें प्रवासी राजस्थानियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। सत्र में क्रिटिकल मिनरल्स जैसे लिथियम, रेयर अर्थ एलिमेंट के एक्सप्लोरेशन, खनन और प्रसंस्करण में निवेश पर जोर रहेगा। प्रवासी राजस्थानियों के साथ देश भर के विशेषज्ञ, उद्यमी और एकेडेमिशियन्स भाग लेंगे, जिससे राज्य की खनिज संपदा और बेहतर संभावनाओं की तस्वीर रखी जा सकेगी।

000

आमजन की सुविधा के लिए मोबाइल एप ई–मित्र को अपडेट किया गया है। हमारे पाली संवाददाता ने बताया कि इससे नागरिकों को घर बैठे ही सरल, सुलभ और पारदर्शी सेवाएं मिल सकेंगी।

000

सवाईमाधोपुर नगर परिषद ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। परिषद ने अपने कार्यालय भवन सहित सभी 24 भवनों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की योजना बनाई है। इस परियोजना को क्रियान्वित करने के लिए, परिषद की ओर से स्थानीय निकाय निदेशालय को विस्तृत प्रस्ताव भेज दिए गए हैं। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

000

राज्यभर में आज संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। पाली, सवाई माधोपुर, अजमेर और बाड़मेर सहित कई जिला मुख्यालयों पर स्थित अंबेडकर सर्किल और प्रतिमाओं पर राजनीतिक दलों तथा सामाजिक संस्थाओं के कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर बाबासाहेब के योगदान को याद करते हुए कई स्थानों पर विचार गोष्ठियाँ आयोजित की गईं। पाली के देसूरी में नर्सेज वेलफेयर सोसायटी द्वारा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में लोगों ने बाबासाहेब के आदर्शों का अनुसरण करने का संकल्प लिया।

000

करौली के जला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने आज क्षेत्र के विभिन्न खाद–बीज भंडारों का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने विक्रेताओं को निर्देश दिये कि किसानों को केवल मानक और प्रमाणित बीज–खाद ही उपलब्ध कराएं। उन्होंने कृषि अधिकारियों को भी अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई करने और नियमित निरीक्षण जारी रखने का निर्देश दिया।

000

गृह रक्षा विभाग का 63वां स्थापना दिवस समारोह जयपुर के केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान में उत्साहपूर्वक मनाया गया। मुख्य अतिथि महानिदेशक मालिनी अग्रवाल ने परेड की सलामी ली और उत्कृष्ट सेवा के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को डीजीसीडी कमेन्डेशन डिस्क से सम्मानित किया। इसके अलावा, 21 कार्मिकों को महानिदेशक प्रशस्ति से नवाजा गया। इस अवसर पर गृह मंत्रालय द्वारा 5 अधिकारियों सहित 9 कार्मिकों के लिए राष्ट्रीय स्तर के पदकों की भी घोषणा की गई।

000

नागौर में 'आपकी पूंजी – आपका अधिकार' अभियान के तहत अब तक 430 लाभार्थियों को 1 करोड़ 48 लाख रुपये की राशि सफलतापूर्वक लौटाई जा चुकी है। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक और वित्तीय सेवा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में दी गई।

कार्यक्रम में आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक नवीन नांबियार और जिला कलक्टर अरुण कुमार पुरोहित उपस्थित रहे। उन्होंने लोगों को अनक्लेम्ड खातों से जुड़ी राशि प्राप्त करने की सरल प्रक्रिया समझाई। श्री नांबियार ने अपील की कि नागौर के हर पात्र खाताधारक को उसकी राशि लौटाने के लिए बैंक कर्मियों की सहायता करें, क्योंकि जनसहयोग ही इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

000